मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह–पत्रिका, वर्ष–11, अंक–4, जून 2010

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स द्वारा हनुमानगढ़ में वार्षिक समारोह का आयोजन







उत्तरी राजस्थान क्षेत्र (जिसमें श्री गंगानगर, हनुमानगढ, चूरू एवं बीकानेर जिले शामिल होते हैं) में अपने वितरण एवं विक्रय नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से देश की जानी–मानी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट डिविज़न कामधेनु पेंट्स द्वारा हनुमानगढ़ के होटल **रॉयल पैराडाइज़** में एक चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वॉइस–प्रेसीडेन्ट (विक्रय एवं मार्केटिंग) श्री पीयूष रावत एवं ए.एस.एम. श्री अजय शर्मा ने कामधेनु पेंट्स का प्रतिनिधित्व किया।

इस मीटिंग का उद्देश्य क्षेत्र में कामधेनु के चैनल पार्टनर्स को कंपनी की ओर से बेहतर सुविधाओं का आश्वासन देकर प्रोत्साहित करने के साथ–साथ उन्हें कंपनी की भावी योजनाओं से अवगत कराना भी था। कंपनी के चैनल पार्टनर्स को उत्साहित करते हुए श्री रावत ने कहा, "भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण राजस्थान हमारी व्यवसायिक नीतियों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम इस क्षेत्र में अपने ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी की तरफ से मैं आपको आश्वासन देता हूँ कि कंपनी के विकास का लाभ सभी लोगों तक समानता से पहुँचेगा।"

डिविज़न में सर्वाधिक बिक्री के लिए किये गये सराहनीय प्रयासों का सम्मान करते हुए कंपनी ने हनुमानगढ़ के मैसर्स मल्होत्रा आयरन स्टोर को सम्मानित किया। कंपनी द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 डीलर्स को भी यादगार चिन्ह प्रदान किए गए। साथ ही विकास के इस क्रम को बरकरार रखने के लिए श्री अजय शर्मा द्वारा वार्षिक डीलर्स योजना की घोषणा भी की गई।

सभी डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को धन्यवाद देते हुए श्री रावत ने कहा, "आपके बहुमूल्य समय के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि हमें आपका सहयोग निरन्तर इसी प्रकार प्राप्त होता रहेगा।" साथ ही उन्होंने कामधेनु पेंट्स के डिविज़नल डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स अनिल छाबड़ा एण्ड कंपनी की इसके द्वारा कंपनी के उत्पादों की बिक्री बढाने के लिए किए गए प्रयासों की भी विशेष सराहना की।

मैसर्स अनिल छाबड़ा एण्ड कंपनी के श्री अनिल छाबड़ा ने भी डीलर्स के सहयोग की दिल खोल के प्रशंसा की और कंपनी को भरोसा दिलाया कि इस डिविज़न से कंपनी को भविष्य में बेहतर बिक्री और विकास के अवसर प्राप्त होंगे। इसके बाद सभी डीलर्स ने दिल्ली से लोगों का मनोरंजन करने पहुँचे लाफ्टर चैंपियन्स के कलाकारों के कार्यक्रमों का आनन्द लिया।

# साइना नेहवाल ने रोशन किया देश का नाम



बदलते सामाजिक परिवेश में भारतीय महिलाएं भी विश्व भर में अपनी पहचान बना रही हैं। इस कड़ी में एक और चमकता सितारा हैं महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल। अपनी इण्डियन ओपन की शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए साइना ने हाल ही में सम्पन्न सिंगापुर ओपन सुपर सीरीज में पहले बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व की नं0 1 खिलाड़ी लू लैन को शिकस्त दी और फिर श्रृंखला के फाइनल में चीनी ताइपे की जू यिंग तेई को 21–18, 21–15 से हरा कर अपने दूसरे सुपर सीरीज खिताब पर कब्ज़ा किया।

इस खिताब के साथ अपनी विश्व रैंकिंग में एक पायदान का सुधार करते हुए साइना विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुँच गई हैं और अब वे 2012 में होने वाले लंदन ओलंपिक में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं। ये मुकाम हासिल करने वाली साइना प्रथम भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अपनी खिताबी जीत के बाद साइना का कहना था, "मैंने सोचा नहीं था कि मैं फाइनल तक पहुँच सकूंगी। ड्रॉ में दो बेहतरीन चीनी खिलाड़ी थे लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और अपेक्षित नतीजा मिला।"

इस

# भारतीय वायुसेना ने किया सचिन तेंदुलकर को ग्रुप कैप्टन की उपाधि से सम्मानित





अब तक देश–विदेश से अनेकों सम्मान व उपाधियाँ प्राप्त कर चुके भारत के स्टार बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को भारतीय वायुसेना ने अपने खास तरीके से सम्मानित किया है। भारतीय वायुसेना की सिफारिश पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने सचिन को ग्रुप कैप्टन की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। एक खिलाड़ी के तौर पर सचिन की असाधारण उपलब्धियों को देखते हुए वायुसेना ने मशहूर हस्तियों को सशस्त्र सेनाओं में मानद रैंक देने के प्रावधान के तहत सचिन का नाम प्रस्तावित किया है। वायुसेना को आशा है कि सचिन के उनके साथ जुड़ने से युवा वायुसेना में भर्ती होने को प्ररित होंगे।

इस सम्मान को पाकर सचिन बहुत खुश हैं। सम्मान को स्वीकार करते हुए सचिन ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़े गौरव की बात है कि उन्हें वायुसेना के ग्रुप कैप्टन का पद दिया गया है। एक भारतीय होने के नाते वायुसेना से जुड़ने पर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। यह महान सम्मान देने के लिए मैं वायुसेना को सलाम करता हूँ।

इस

# भारत और पाकिस्तान आपसी विश्वास बढ़ाएंगे



ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए भारत और पाकिस्तान दोनों देश बहुत ही संभले कदमों से आपसी विश्वास बढाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। हाल ही में सम्पन्न विदेश सचिव स्तरीय बातचीत के दौरान दोनों देशों ने आपसी शान्ति स्थापित करने के लिए गंभीर और विस्तृत बातचीत की आवश्यकता जताई है। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों के विदेश सचिव, निरुपमा राव और सलमान बशीर 15 जुलाई को इस्लामाबाद में विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए एजेंडा बनाएंगे। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने और शान्ति प्रक्रिया को दोबारा शुरु करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बातचीत के बाद भारतीय विदेश सचिव निरुपमा राव ने बताया कि पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के संबंध में विदेश सचिवों की वार्ता काफी रचनात्मक रही है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों थिम्पू में हुई भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और उनके पाकिस्तानी समकक्ष यूसुफ रज़ा गिलानी की मुलाकात के बाद दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने के प्रयासों में काफी गति आई है।

विदेश सचिव स्तरीय इस वार्ता के तुरंत पश्चात भारतीय गृह मंत्री श्री पी. चिदंबरम दक्षेस देशों के गृह मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने इस्लामाबाद जाएंगे। यहाँ उनकी आतंकवाद व अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में पाकिस्तानी गृह मंत्री रहमान मलिक से बातचीत होगी। 26/11 की घटना के बाद यह किसी भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा होगी।

उम्मीद जताई जा सकती है कि इन सब प्रयासों के भविष्य में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और दोनों देशों के बीच संबंध सुधरेंगे। हम सब चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच सौहार्द बढ़े और हम सब आतंकवाद मुक्त विश्व में अमन–चैन से रह सकें।

इस

# शंकु वाटर पार्क में कामधेनु पेंट्स का डीलर्स मिलन



यह कामधेनु ग्रुप की नए विचार प्रस्तुत करने की क्षमता ही है जो इसे बाकी सभी कंपनियों से अलग बनाती है। यह केवल नए उत्पादों के विकास में ही नहीं बल्कि कंपनी द्वारा अपने नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए प्रयासों में भी दिखायी पड़ता है। ऐसा ही कुछ 12 और 13 जून, 2010 को गुजरात के महेसाणा स्थित, एशिया के सबसे बड़े वाटर पार्क, शंकु वाटर पार्क में कामधेनु पेंट्स के द्वारा अपने डीलर्स को 1 फरवरी, 2010 से 31 मार्च, 2010 तक चली डीलर्स स्कीम में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिला। इस कार्यक्रम के दौरान एक डी.जे. नाइट भी आयोजित की गई। कामधेनु पेंट्स के वॉइस–प्रेसीडेन्ट (विक्रय एवं मार्केटिंग) श्री पीयूष रावत और डी.जी.एम. श्री सुब्रोतो उपाध्याय भी कंपनी की गुजरात की विक्रय टीम, जिसमें ए.एस.एम. श्री आदित्य गुप्ता, सी.एफ.ए. श्री अनिल पटेल, एस.एस.ओ. श्री जयेश कक्कड़, श्री निर्मल बृह्मभट्ट, श्री अतुल अगरकर व श्री कल्पेश चौहान तथा एस.ओ. श्री हितेश पघदल शामिल हैं, के साथ इस अवसर पर शामिल रहे। कामधेनु पेंट्स के गुजरात के 50 डीलर्स के साथ पेंट व्यवसाय से जुड़े करीब 125 लोग इस दो दिवसीय मीटिंग में शामिल हुए।

डी.जे. नाइट के दौरान पिछले वित्तीय वर्ष के शानदार प्रदर्शन के लिए ए.टी.आर. पुरस्कार भी वितरित किए गए। पिछले वर्ष में सर्वाधिक बिक्री अर्जित करने के लिए ऊना के मैसर्स शाह जितेन्द्र कुमार एण्ड ब्रॉदर्स को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक मारूति एल्टो कार मिली जबकि पालनपुर के मैसर्स केवल पेंट्स को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप मलेशिया और सिंगापुर का 4 रात और 5 दिन का यात्रा पैकेज व 1.5 टन का सैमसंग स्प्लिट ए.सी. तथा सुरेन्द्र नगर के मैसर्स शिवम् पेंट्स को तृतीय पुरस्कार स्वरूप मलेशिया और सिंगापुर का 4 रात और 5 दिन का यात्रा पैकेज कंपनी द्वारा प्रदान किए गए। अन्य कई डीलर्स को भी शानदार बिक्री अर्जित करने के उपलक्ष में पुरस्कृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2009–10 में सबसे अधिक माल विक्रय करने के लिए राजकोट के श्री जयेश कक्कड़ (एस.एस.ओ.) को बेस्ट सेल्स परफॉर्मर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने किया उड़ीसा में अपने नेटवर्क का विस्तार




सम्पूर्ण देश में अपनी उत्कृष्ट कोटि के स्टील उत्पादों की निरन्तर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने उड़ीसा के भुवनेश्वर के मैसर्स न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लिमिटेड के साथ फ्रेंचाइज़ी गठबंधन किया गया है। यह कंपनी का उड़ीसा में पहला प्लांट है तथा इसके माध्यम से कंपनी इस राज्य व इसके आस–पास के क्षेत्र की स्टील की माँग की आपूर्ति में सक्षम होगी। इस प्लांट की उत्पादन क्षमता फिलहाल 8,000 मैट्रिक टन प्रतिमाह है जिसे कंपनी आने वाले दो वर्षों के भीतर दुगुना करने का इरादा रखती है।

इस प्लांट से पहला प्रेषण 3 जून, 2010 को हुआ। न्यू लक्ष्मी स्टील एण्ड पावर प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर श्री पवन कुमार गुप्ता, वर्क्स मैनेजर श्री दिनेश पटेल, श्री राजू एवं श्री कान्तिलाल के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस गठबंधन से प्रसन्न श्री पवन कुमार गुप्ता ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठित नाम के साथ जुड़ना हमारे लिए एक गर्व की बात है। हमें आशा है कि यह गठबंधन दोनों संस्थाओं के लिए समान रूप से लाभकारी रहेगा।"

इस विषय पर आगे जानकारी देते हुए श्री योगेश वर्मा ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस क्षेत्र में ढ़ेरों संभावनाएं देखती है और हम देश के इस हिस्से में अपने विक्रय एवं वितरण नेटवर्क का विस्तार कर कंपनी को इस क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# आई.आई.टी. बी.एच.यू. ने श्री सतीश अग्रवाल की उपलब्धियों को सराहा



आई.आई.टी. बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय (आई.आई.टी. बी.एच.यू.) जो कई विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का शिक्षा स्थल रहा है, अपने वर्तमान व पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को पूरा सम्मान देती है। आई.आई.टी. बी.एच.यू. ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सी.एम.डी. श्री सतीश अग्रवाल, जोकि संस्थान के छात्र रह चुके हैं, की व्यवसायिक क्षमता और समाज के विकास में उनके योगदान को पहचानते हुए 8 मई, 2010 को दिल्ली के धौला कुआँ स्थित एयर फोर्स ऑडिटॉरियम में आयोजित अपने वार्षिक समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। श्री अग्रवाल ने आई.आई.टी. बी.एच.यू. के 1970 बैच में बी.ई. (मैकेनिकल) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इस अवसर पर कामधेनु जीवनधारा की अध्यक्षा श्रीमति राधा अग्रवाल भी उनके साथ उपस्थित थीं।

श्री अग्रवाल को समारोह के विशिष्ट अतिथि को सम्मानित करने के लिए मंच पर भी आमंत्रित किया गया। अपने आई.आई.टी. बी.एच.यू. के दिनों को याद करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, "आई.आई.टी. बी.एच.यू. का छात्र होना अपने आप में एक गर्व का विषय है। मैं आई.आई.टी. बी.एच.यू. का निमंत्रण पाकर बेहद खुश हूँ तथा संस्थान के इस प्रेम व सम्मान के लिए हार्दिक आभारी हूँ। मुझे कॉलेज से पास हुए लम्बा वक्त हो चुका है पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि संस्थान के द्वारा प्रदत्त शिक्षा के उच्च मानक आज भी विद्यमान हैं और शिक्षा के बदलते परिवेश में नई ऊँचाईयाँ छू रहे हैं। यह मेरे शिक्षकों का मार्गदर्शन व स्नेह ही है जिसने मुझे इस मुकाम को हासिल करने में मदद की ।"
वहाँ उपस्थित सभी अतिथियों ने श्री अग्रवाल की उपलब्धियों की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और ऊँचे मुकाम हासिल करने की शुभकामनाएं दी। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अशिकारीगण श्री अमित सोनी, श्री चंदन गोस्वामी और श्री अतुल गर्ग भी इस समारोह में उपस्थित रहे। इस


पानी की ताज़गी, शुद्धता की नई लहर,
गाँव-गाँव शहर-शहर-KAMDHENU fresh

कामधेनु ग्रुप भारत की उन शीर्ष कंपनियों में से एक है जो अपने उत्पादों की उत्कृष्टता और गुणवत्ता के लिए देश भर में ख्याति प्राप्त है। विश्वास की इसी श्रंखला में शामिल है शुद्धता का पर्याय 'कामधेनु फ्रैश'– पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, जिसे तैयार किया जाता है गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के अनुरूप। कामधेनु के विशाल मार्केटिंग नेटवर्क के बल पर यह लहर पहुँचेगी भारत के हर गाँव और हर शहर में।

'कामधेनु फ्रैश' की फ्रेंचाइज़ी, डीलरशिप व डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें– श्री आयुश अग्रवाल: 0124–4604500, 91–9313298995, 91–9717456777




1 लीटर, 2 लीटर और 20 लीटर की पैकिंग में उपलब्ध'

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

जिंदल एण्टरप्राइजेज़
मेन बाजार,
मण्डी निहाल सिंह वाला
फोन – 9855364067

पायल हार्डवेयर स्टोर
दुकान नं0 10, कृष्णा मार्केट
राजपुरा टाउन
फोन – 9872694323

शिव कुमार एण्ड सन्स
त्रिकोनी चौक
भटिंडा
फोन – 9872597000


Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com